# टीकमगढ़





### एक नजर में

## 14 जून तक मांगे हितग्राहियों से आवेदन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। योजना के अंतर्गत मत्स्य क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न नवाचार गतिविधियों के लिए पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। योजना में झीगा पालन, ग्रामीण तालाबों में मत्स्यबीज संबंर्धन, मत्स्यबीज उत्पादन, मत्स्य पालन, स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना तथा मत्स्य पालकों के प्रशिक्षण जैसी गतिविधियों को शामिल किया गया है। योजना के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14 जून निर्धारित की गई है।**

इसका उद्देश्य मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि करना तथा उन्हें आधुनिक तकनीकों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। योजना अंतर्गत ग्रामीण तालाबों के पट्टा धारक व्यक्तिगत मत्स्य पालक, मछुआ समूह,मछुआ सहकारी समितियां आवेदन करने के लिये पात्र है। चयनित हितग्राहियों को शासन के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार अनुदान का लाभ प्रदान किया जाएगा।

योजना के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14 जून निर्धारित की गई है। आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना आवेदन कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला टीकमगढ़ एवं निवाड़ी में निर्धारित समयावधि के भीतर जमा कर सकते हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जल चेतना परिक्रमा आयोजित

**कलेक्टर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हुईं शामिल**

**तालाब पर कलश पूजन के साथ कार्यक्रम शुरू**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को टीकमगढ़ की ग्राम पंचायत प्रेमपुरा के चन्देलकलीन परसुवां तालाब पर जल चेतना - परिक्रमा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत रही इसके साथ ही कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री मनोज देवलिया, भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष विकास यादव, सरपंच अन्य जनप्रतिनिधिगण के अलावा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय सहित संबंधित अधिकारी तथा स्थानीयजन शामिल हुए। साथ ही जतारा विधानसभा के भाजपा विधायक हरिशंकर खटीक ने भी अपनी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में इसी कार्यक्रम का आयोजन किया।जिसमें विधायक श्री खटीक ने विश्व पर्यावरण दिवस के वारे में सभी को अवगत कराया।**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत परसुवां तालाब पर जल पूजन तथा कलश पूजन के साथ की गई। तत्पश्चात अतिथियों के साथ स्थानीयजनों ने भजन-कीर्तन करते हुए तालाब की जल चेतना- परिक्रमा की। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्यक्रम के दौरान तालाब के किनारे एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत, मनोज देवलिया, भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष विकास यादव, सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### प्राचीन तालाब ऐतिहासिक धरोहर है : कलेक्टर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में शामिल कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि जिले के प्राचीन तालाब केवल जल स्रोत ही नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर भी हैं। इनके संरक्षण और पुनर्जीवन में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम ने जल संरक्षण, वृक्षारोपण और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी को मजबूत किया।



कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तालाब के किनारे पौधारोपण भी किया गया। उपस्थित लोगों ने पौधों की देखभाल और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि जल और जंगल दोनों मानव जीवन के आधार हैं तथा इनके संरक्षण के बिना सतत विकास की कल्पना संभव नहीं है।कार्यक्रम की शुरुआत परसुवां तालाब के तट पर जल पूजन एवं कलश पूजन के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों और स्थानीय नागरिकों ने भजन-कीर्तन करते हुए तालाब की परिक्रमा की। लोगों को जल स्रोतों के संरक्षण, तालाबों के महत्व तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया।

### यह अधिकारी हुए कार्यक्रम में शामिल

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को टीकमगढ़ की ग्राम पंचायत प्रेमपुरा के चन्देलकलीन परसुवां तालाब पर जल चेतना - परिक्रमा का आयोजन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के साथ अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, जनपद सीईओ निशांत भूरिया,तहसीलदार टीकमगढ़ सतेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला समन्वयक जिला पंचायत मनीष जैन, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद डॉ. सुनील कटियार सहित बड़ी संख्या में बच्चे , युवा , महिलाएं तथा स्थानीयजन उपस्थित रहे।

## पौधारोपण कार्यक्रम में पहुंचे विधायक



**नवभारत न्यूज, जतारा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय जतारा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जतारा विधायक हरिशंकर खटीक रहे।**

इस अवसर पर विधायक खटीक ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए। पेड़ हमें हर मौसम में मां की तरह फल, छाया, शुद्ध वायु तथा जीवन के लिए आवश्यक अनेक सुविधाएं प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष, गणेश आदिवासी, विशाल प्रजापति एवं अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

महाविद्यालय के प्राचार्य जयेंद्र कुमार चंद्रवार, राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पूर्णिमा देवलिया, राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश अहिरवार, डॉ. सविता जैन, डॉ. लीना कुलथिया, डॉ. अरुण नामदेव, फूलचंद अहिरवार, रुपेश डांगी सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा।

# यात्री बस और डीजे वाहन में भिड़ंत, आधा दर्जन घायल



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर गुरुवार को एक यात्री बस और डीजे वाहन में आमने-सामने की टक्कर हो गई। यह हादसा दिगौड़ा थाना क्षेत्र के पुनौल गांव के ककरा नाले के पास हुआ। इस घटना में बस चालक सहित करीब छह यात्री घायल हो गए।**

घायलों में बस चालक को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य यात्रियों को हाथ-पैरों में मामूली चोटें लगी हैं। डीजे वाहन का चालक इस हादसे में बाल-बाल बच गया। सूचना मिलते ही दिगौड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

जानकारी के अनुसार, हरिओम कंपनी की बस एमपी 36 पी 2179 टीकमगढ़ से झांसी जा रही थी। पुनौल के ककरा नाले के पास बम्होरी की तरफ से आ रहे बिना नंबर के रहीश डीजे वाहन से उसकी टक्कर हो गई। घटना के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे के कारण घटनास्थल पर यातायात व्यवस्था बिगड़ गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला गया और 112 वाहन से अस्पताल भेजा गया। दिगौड़ा पुलिस के प्रधान आरक्षक अभय वर्मा ने बताया कि घटना में बस चालक को ही अधिक चोटें आई हैं, जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

## गर्भवती महिला का कराया उपचार

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। स्वास्थ्य विभाग के सतत प्रयासों एवं प्रभावी काउंसलिंग के परिणामस्वरूप गंभीर एनीमिया से ग्रसित एक गर्भवती महिला को समय रहते उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जिससे संभावित गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों को टाला जा सका।**

विकासखंड बल्देवगढ़ के ग्राम डारगुवा निवासी श्रीमती नेहा अहिरवार गर्भावस्था के आठवें माह में थीं। जांच के दौरान उनका हीमोग्लोबिन स्तर मात्र 3 ग्राम पाया गया।

# जतारा विद्युत कंपनी के कर्मचारियों ने दिया ज्ञापन




**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जतारा बिजली दफ्तर में कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने 24 घंटे बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की है। इससे नाराज बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बुधवार को काम बंद कर दिया और हड़ताल पर चले गए। कर्मचारियों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद बुधवार को एसडीओ कार्यालय पहुंचकर भी शिकायत की गई। शुक्रवार को कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए पुलिस अधीक्षक के नाम एएसपी विक्रम सिंह को एक ज्ञापन सौंपा।**

ज्ञापन में बताया कि जब तक एफआईआर दर्ज नहीं होगी, कर्मचारी काम पर नहीं लौटेंगे। उन्होंने कहा कि वे अब इस मामले में पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई है। पुलिस को दिए आवेदन पत्र में बिजली कर्मचारियों ने बताया कि 2 जून को ग्राम रतनगुवां के कुछ लोग 25 केव्हीए ट्रांसफार्मर लेने कार्यालय आए थे। वे सीधे कार्यालय के अंदर घुस गए और विद्युत आपूर्ति बंद कर दी।कर्मचारियों ने बताया कि घटना में कई लोगों को चोटे आई है।

## कृषकों को मिलेगा नि : शुल्क बीज

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। तिलहन फसलों को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय मिशन ऑन इडीबल ऑयल योजना अंतर्गत घटक बीज वितरण अनुदान के माध्यम से कृषकों को नि:शुल्क बीज वितरण किया जायेगा।**

प्रदर्शन घटक में किसानों के पंजीयन के आधार पर प्रति प्रदर्शन अनुदान में बीज वस्तु के रूप में उत्पादक संस्थओ से किसानों को उपलब्ध कराकर कैफेटेरिया अनुसार प्रदर्शन की शेष सामग्री कृषकों के द्वारा देयक प्रस्तुत करने पर डीबीटी के माध्यम से कृषकों के खाते में प्रावधानानुसार अनुदान भुगतान किया जायेगा।समस्त वर्ग के कृषक समस्त लघु ,सीमांत एंव अन्य कृषक प्रक्रिया - एमपी किसान पोर्टल पर ऑन लाईन आवेदन करें, अधिक जानकारी के लिये अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क करें।

# नाबालिग से मारपीट का मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक ने नाबालिग से मारपीट करते हुए उसका वीडियो बनाया इतना ही नहीं इस आरोपित व्यक्ति ने उस नाबालिग के कपड़े उतरवाए और अश्लील वीडियो बनाकर उस पर दबाव बनाया। पीड़ित के परिजनों ने बीते रोज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत कर मामला दर्ज करने की मांग की थी जिसके चलते कोतवाली पुलिस अरोपित व्यक्ति दिलीप रजक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।**

जानकारी के मुताबिक शहर के बाहरकोट के पास रहने वाले दिलीप रजक नामक एक व्यक्ति पर यह आरोप लगें थे। आरोप था कि दिलीप ने एक नाबालिग को इंस्ट्राग्राम की चैट को लेकर पुलिसकर्मी बनकर अपने घर बुलाया और कमरे में बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की। मारपीट के साथ ही इसने उस नाबालिग के कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाया और घटना की किसी को भी जानकारी न देने का दबाव बनाया। जैसे-तैसे नाबालिग इसके कब्जे से छूटकर घर पर पहुंचा और सदमें में रहा। यह वारदात 2 जून की बताई जा रही है। पीड़ित ने बताया कि 2 जून की दोपहर का यह घटनाक्रम है 3 जून को दोपहर में पीड़ित नाबालिग ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी, तब कहीं जाकर उसके परिजनों ने संज्ञान लिया। ऐसा पीड़ित के परिजनों ने बताया इसके बाद गुरुवार को पीड़ित के परिजन एसपी से मिली और कड़ी कार्यवाही की मांग की। एसपी ने कार्यवाही के निर्देश जारी किए। तब कही जाकर शुक्रवार को दिलीप रजक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित के परिजनों ने बीते रोज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत कर मामला दर्ज करने की मांग की थी जिसके चलते कोतवाली पुलिस अरोपित व्यक्ति दिलीप रजक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।आरोप था कि दिलीप ने एक नाबालिग को इंस्ट्राग्राम की चैट को लेकर पुलिसकर्मी बनकर अपने घर बुलाया और कमरे में बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक ने नाबालिग से मारपीट करते हुए उसका वीडियो बनाया इतना ही नहीं इस आरोपित व्यक्ति ने उस नाबालिग के कपड़े उतरवाए और अश्लील वीडियो बनाकर उस पर दबाव बनाया। पीड़ित के परिजनों ने बीते रोज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत कर मामला दर्ज करने की मांग की थी ।

# निषाद समुदाय के लोगों ने किया जमकर प्रदर्शन

**समाज के लोगों के साथ हो रही घटनाओं का विरोध**

**पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता की मांग**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले में निषाद समुदाय के लोगों के साथ हुई विभिन्न आपराधिक घटनाओं को लेकर शुक्रवार को समस्त रैकवार, केवट एवं माजी समाज के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हाल के वर्षों में समाज के लोगों के साथ हुई हत्या, मारपीट और सामाजिक उत्पीड़न की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, पीड़ित परिवारों को न्याय, सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की गई।**



समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि जिले एवं आसपास के क्षेत्रों में निषाद समुदाय के लोगों के साथ लगातार गंभीर घटनाएं सामने आ रही हैं। कई मामलों में पीड़ित परिवारों को अब तक न्याय नहीं मिल पाया है, जिससे समाज में असुरक्षा और आक्रोश का माहौल है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन में ग्राम भगवंतपुरा निवासी स्वर्गीय बबलू केवट की निर्मम हत्या का मामला प्रमुखता से उठाया गया। समाज ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर मुख्य आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर कार्रवाई की जाए। साथ ही मृतक के आश्रित परिवार को पर्याप्त आर्थिक सहायता और शासकीय राहत उपलब्ध कराई जाए। समाज ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद प्रदर्शन करने पर थाना प्रभारी द्वारा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। ज्ञापन में संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित करने की मांग की गई। इसके अलावा मृतक के बच्चों को महिला एवं बाल विकास विभाग की पात्रतानुसार सभी योजनाओं का लाभ दिलाने की भी मांग रखी गई।

रायपुर मजना चौकी क्षेत्र में रैकवार समाज के एक परिवार के साथ महिलाओं सहित पूरे परिवार की कथित मारपीट का मामला भी ज्ञापन में शामिल किया गया। समाज ने सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। साथ ही कहा कि दोषियों को कड़ी सजा दिलाकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए। ज्ञापन में श्रीनगर क्षेत्र के 71 वर्षीय हरचरण धीमर की हत्या का मामला भी उठाया गया। समाज के अनुसार बकरियों की चोरी के दौरान हरचरण धीमर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

**आयोजन** | **त्योहारों के चलते किया गया आयोजन**

# पुलिस परेड ग्राउंड में बलवा ड्रिल परेड की रिहर्सल का अभ्यास

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। पुलिस परेड ग्राउंड में शुक्रवार को आगामी त्योहारों के मद्देनजर बलवा परेड की रिहर्सल की गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस जवानों ने बलवा ड्रिल का अभ्यास किया।**

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अभ्यास में पुलिस की पांच पार्टियों ने हिस्सा लिया, जिनमें अश्रु गैस, केन, लाठी, राइफल और रिजर्व बल शामिल थे। बलवा जैसी स्थिति का अनुकरण करते हुए, एक पक्ष ने पुलिस पर पथराव किया। जवाब में, पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए न्यूनतम बल का प्रयोग करते हुए आंसू गैस के गोले दागे। आंसू गैस के गोले दागते ही भीड़ में भगदड़ मच गई।इसके बाद, हल्के बल प्रयोग से घायल होने की स्थिति का भी अभ्यास किया गया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का भी प्रदर्शन किया गया।



इस बलवा परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक एसपी मनोहर मंडलोई भी मौजूद रहे। यातायात प्रभारी कैलाश पटेल ने इस मॉक ड्रिल का संचालन किया।रिहर्सल के बाद एसपी मंडलोई ने सभी जवानों को बलवा या लड़ाई-झगड़े की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सुनियोजित तरीके से नियंत्रण करना पड़ता है और चरणबद्ध गाइडलाइन का पालन किया जाता है।एसपी ने बताया कि पहले भीड़ को अनाउंसमेंट के माध्यम से नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है। इसके बाद आंसू गैस और वाटर कैनन का प्रयोग कर भीड़ को उग्र होने से रोका जाता है। आवश्यकता पड़ने पर हल्के बल का प्रयोग भी किया जाता है। उन्होंने जोर दिया कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य कानून व्यवस्था बनाए रखना है, जिसके लिए धैर्य और साहस की आवश्यकता होती है। पुलिस परेड ग्राउंड में शुक्रवार को आगामी त्योहारों के मद्देनजर बलवा परेड की रिहर्सल की गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस जवानों ने बलवा ड्रिल का अभ्यास किया।शुक्रवार को अभ्यास में पुलिस की पांच पार्टियों ने हिस्सा लिया, जिनमें अश्रु गैस, केन, लाठी, राइफल और रिजर्व बल शामिल थे। बलवा जैसी स्थिति का अनुकरण करते हुए, एक पक्ष ने पुलिस पर पथराव किया। जवाब में, पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए न्यूनतम बल का प्रयोग करते हुए आंसू गैस के गोले दागे। आंसू गैस के गोले दागते ही भीड़ में भगदड़ मच गई।इसके बाद, हल्के बल प्रयोग से घायल होने की स्थिति का भी अभ्यास किया ।

### सावधानियों के बारे में दी जानकारी

यातायात प्रभारी कैलाश पटेल ने इस मॉक ड्रिल का संचालन किया।रिहर्सल के बाद एसपी मंडलोई ने सभी जवानों को बलवा या लड़ाई-झगड़े की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सुनियोजित तरीके से नियंत्रण करना पड़ता है और चरणबद्ध गाइडलाइन का पालन किया जाता है।

## दर्ज प्रकरण में करें पक्ष प्रस्तुत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी जतारा से प्राप्त प्रतिवेदनों अनुसार तहसील पलेरा एवं लिधौरा के छेवला तहसील पलेरा, टौरिया ऊगड़ तहसील पलेरा, उपराराखास तहसील लिधौरा, मजरा कुटिन तहसील पलेरा ग्राम के विभिन्न खसरों में राजस्व एवं खनिज विभाग के संयुक्त दल द्वारा विभिन्न दिनाकों को अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त मशीनों को जप्त किया जाकर संबंधित पुलिस चौकियों की अभिरक्षा में रखा गया है एवं प्रकरण न्यायालय कलेक्टर टीकमगढ़ में दर्ज किया जाकर विचाराधीन है। प्रकरण के संबंध में 15 जून 2026 को न्यायालय कलेक्टर टीकमगढ़ में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।**

टौरिया ऊगड़ तहसील पलेरा में पोकलेन मशीन हुण्डई कंपनी, उपराराखास तहसील लिधौरा में एलएनटी पोकलेन मशीन तथ मजरा कुटिन तहसील पलेरा में पोकलेन मशीन को जप्त कर पुलिस चौकियों की अभिरक्षा में रखा गया है।

